***देशबंधु चितरंजन दास को उनकी जयंती पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में याद किया गया***

**नई दिल्ली; 5 नवंबर, 2023:** प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी देशबंधु चितरंजन दास को आज उनकी जयंती पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में याद किया गया।

इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा सचिवालय और राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने देशबंधु चितरंजन दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित देशबंधु चित्तरंजन दास के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में देशबंधु चित्तरंजन दास के चित्र का अनावरण किया था।